आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.07.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी।
- गृहमंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के तहत शीघ्र सुनवाई और न्याय की गारंटी का आश्वासन दिया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– नए कानूनों की सहायता से सामान्य नागरिकों को तेजी से न्याय मिलेगा।
- कुमाऊं क्षेत्र के कुछ हिस्सों में कल बहुत भारी से अत्यन्त भारी बारिश का रेड अलर्ट, राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश की चेतावनी।

संसद

संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है।
भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चर्चा में भागीदारी करते हुए पिछले दस वर्षो में सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में वृद्धि और लोगों के कल्याण के लिए प्रधानतंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई कदम उठाये हैं।

इससे पहले सदन की कार्यवाही जब शुरू हुई, तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि देश की संसद से विद्यार्थियों को एक संदेश दिया जाना चाहिए कि नीट मुद्दा संसद के लिए महत्वपूर्ण है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद की कार्यवाही नियमों और परम्पराओं पर आधारित होती है। उन्होंने विपक्ष को कहा कि कोई भी चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद ही की जानी चाहिए।

गृहमंत्री– मीडिया बातचीत

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित ये नई व्यवस्था अब पूरी तरह से स्वदेशी है। श्री शाह ने कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि

नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं।

तीन नये कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो गये हैं। ये नये कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने मौजूदा अपराध और अपराध ट्रेकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में 23 संशोधन किये हैं।

नए आपराधिक कानून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों का राज्य में औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों के माध्यम से अंग्रेजों के समय के पुराने जटिल कानूनों का सरलीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिकों को इन कानूनों की सहायता से तेजी से न्याय मिलेगा।

नए आपराधिक कानूनों पर राज्य के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली के संदर्भ में यह मुक्ति का दिन है। अब से हमारे देश में स्वदेशी आपराधिक न्याय प्रणाली लागू होगी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों के संबंध में तीस जून तक चौबीस हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है।

जन जागरूकता कार्यक्रम

नए आपराधिक कानूनों के संबंध में चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के गौरलचौड मैदान स्थित आडोटोरियम में आयोजित कार्यशाला में नए कानूनों के संबंध में जानकारी साझा की गयी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, पुलिस, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही जिले विभिन्न थाना कोतवाली में भी जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मौसम

मौसम विभाग ने कल कुमाऊं क्षेत्र में कहीं–कहीं बहुत भारी से अत्यन्त भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही गढ़वाल में देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट तथा राज्य के अन्य स्थानों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश का यह अलर्ट चार जुलाई तक के लिए जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र आम जनता को

सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज आमतौर पर बादल छाए रहे। राज्य में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की ख़बर है।

उधर, चमोली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के कारण नीती घाटी के गांव के पास पहाड़ी से भारी चट्टान टूटकर गिरने से चुगान कर रही दो दर्जन से अधिक बकरियों की मौत हो गई।

समीक्षा

आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने आगामी मानसून को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। देहरादून में आयोजित बैठक में श्री सिन्हा ने भूस्खलन के साथ ही अन्य आपदाओं से निपटने के लिए विभिन्न संस्थानों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली । उन्होंने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों को मौसम के पूर्वानुमान को लेकर एक मॉडल विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आपदाओं में क्षति को कम करने के लिए प्रभाव आधारित पूर्वानुमान बेहद जरूरी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिकों को बाढ़ मैदान क्षेत्रीकरण की रिपोर्ट का उपयोग कर उत्तराखंड के लिए बाढ़ प्रबंधन योजना की एक विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिए।

उपचुनाव प्रशिक्षण

बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 464 पोलिंग कार्मिकों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम व वीवीपैट का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 920 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कल 114 पोलिंग पार्टियों के कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने पोलिंग कार्मिकों को निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को अच्छे तरीके से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्मिक चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का अध्ययन करें और प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सभी पार्टियां निर्धारित रूट प्लान के अनुसार पोलिंग स्टेशन के लिए आवाजाही करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी के अलावा किसी को भी मतदेय स्थल पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है।

परीक्षा परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। परीक्षार्थी exams.nta.ac.in/NEET पर लॉगइन करके संशोधित स्कोर कार्ड देख सकते हैं।

## जल जीवन मिशन

चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने आज जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में स्वीकृत योजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत संचालित कार्यो को गुणवत्ता के साथ मिशन मोड में पूरा किया जाये। श्री खुराना ने कहा कि जो योजनाएं पूरी हो गई है, उनकी जियो टैगिंग की जाए। उन्होंने कर्णप्रयाग, नारायणबगड़ और गैरसैंण विकासखण्ड में घरेलू नल कनेक्शन के शेष कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिये।